सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर बना चैंपियन

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर। द स्पोर्ट्स हब आर्यनगर में चल रही तीन दिवसीय जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता में पांच सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर ओवरऑल चैंपियन बना। टीम चैंपियनशिप में जूनियर बालक व बालिका वर्ग में सर पदमपत प्रथम, सेठ आनंदराम जयपुरिया द्वितीय स्थान पर आया।

सीनियर बालक वर्ग में सर पदमपत प्रथम व सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में सर पदमपत प्रथम, डीपीएस आजादनगर द्वितीय स्थान पर आया। वेटरेंस वर्ग में 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में दिलीप सेन, 50 आयु वर्ग से अधिक में आशीष कपूर अव्वल रहे। पुरुष वर्ग में सत्यम गिरी गुप्ता, महिला वर्ग में सृष्टि मिश्रा अव्वल रहीं।

अंडर-11 वर्ग में अपराजित सिंह, आन्या गुप्ता, अंडर-13 वर्ग में आशुतोष गुप्ता, कनिशा जायसवाल, अंडर-15 वर्ग में आर्यन अरोरा और अबाना प्रथम स्थान पर आईं। अंडर-17 वर्ग में आद्विक गुप्ता, सृष्टि अव्वल रहीं। खिलाड़ियों को धनराशि, पदक और प्रमाणपत्र दिए गए।



विजेता खिलाड़ियों के साथ डीएम विशाख जी व अन्य। संवाद